Series ΣHEFG

Set-4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **72**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# व्यावसायिक कला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# COMMERCIAL ART (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 30*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 30*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **7** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

* **खंड – अ**

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है।)

* **खंड – ब**

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं।)

* **खंड – स**

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं।)

## खंड – अ $8 \times 1 = 8$

1. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(क) प्रसिद्ध लघुचित्र "नंद, यशोदा और कृष्ण रिश्तेदारों के साथ वृन्दावन जाते हुए" किस पहाड़ी उपशैली का चित्र है ? **1**

(i) काँगड़ा (ii) बसहोली

(iii) गुलेर (iv) चम्बा

(ख) जामिनी रॉय द्वारा बनाया गया माता तथा बालक का चित्र _______ पट चित्र से प्रभावित है। **1**

(i) ओडिशा (ii) राजस्थान

(iii) लेपाक्षी (iv) कालीघाट

(ग) निम्नलिखित में से किस चित्र के चित्रकार "साहिबदीन" हैं ? **1**

(i) राधा (बनी-ठनी) (ii) मारु रागिनी

(iii) कृष्ण झूले पर (iv) चौगान के खिलाड़ी

## General Instructions :

* **SECTION – A**

  Attempt **all** questions. (Each Question will carry **1** mark.)

* **SECTION – B**

  Attempt **all** questions. (Each Question will carry **2** marks.)

* **SECTION – C**

  Attempt any **two** questions. (Each Question will carry **6** marks.)

### SECTION – A $8 \times 1 = 8$

1. Select the right answer from the given options :

(A) The famous miniature painting "Nand, Yashoda and Krishna with Kinsmen going to Vrindavan" is made in which Pahari Sub-school ? **1**

(i) Kangra (ii) Basholi

(iii) Guler (iv) Chamba

(B) Mother and child painting by Jamini Roy has the influence of which pat paintings ? **1**

(i) Odisha (ii) Rajasthan

(iii) Lepakshi (iv) Kalighat

(C) Which of the following painting has been painted by artist "Sahibdin" ? **1**

(i) Radha (Bani-thani) (ii) Maru Ragini

(iii) Krishna on Swing (iv) Chougan players

(घ) "उस्ताद मंसूर" किस मुगल बादशाह के दरबारी चित्रकार थे ? **1**

(i) जहाँगीर (ii) अकबर

(iii) बाबर (iv) शाहजहाँ

(ङ) बीजापुर के चित्रित विश्वकोश जिसमें 876 लघुचित्र हैं, का नाम क्या है ? **1**

(i) गुलिस्तान (ii) नौरसनामा

(iii) तुजक-ए-आशफिया (iv) नुज्म-उल-अलम

(च) अबनीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा बनाए गए चित्र भारत माता के चारों हाथों में दिखाई गई वस्तुएँ हैं – सफेद कपड़े का टुकड़ा, माला, अनाज की बाली व _______ । **1**

(i) किताब (ii) शंख

(iii) पैसे (नोट) (iv) वीणा

(छ) "राम समुद्र के दर्प का मर्दन करते हुए" चित्र किसने बनाया है ? **1**

(i) रबीन्द्रनाथ टैगोर (ii) एम.ए.आर. चुगतई

(iii) राजा रवि वर्मा (iv) नन्दलाल बॉस

(ज) नाथद्वारा चित्रों के मुख्य विषय हैं – **1**

(i) राधा व कृष्ण के प्रेम दृश्य

(ii) छविचित्र

(iii) कहानी चित्रण

(iv) सामान्य मनुष्य की दिनचर्या

(D) The artist "Ustad Mansoor" belonged to which Mughal Ruler's Court ? **1**

(i) Jahangir (ii) Akbar

(iii) Babar (iv) Shah Jahan

(E) Name the illustrated encyclopedia of Bijapur with 876 Miniatures. **1**

(i) Gulistan (ii) Naurasnama

(iii) Tuzuk-I-Asafiya (iv) Nujum-al-Ulam

(F) Bharat Mata by Abanindranath Tagore is holding in her four hands a piece of white cloth, rosary, a sheaf of grains and a _______. **1**

(i) Book (ii) Conch

(iii) Currency note (iv) Veena

(G) Who painted "Rama Vanquishing the pride of the Ocean" ? **1**

(i) Rabindranath Tagore (ii) M.A.R. Chughtai

(iii) Raja Ravi Varma (iv) Nandlal Bose

(H) Theme depicted in Nathdwara Paintings was **1**

(i) Love scenes of Radha and Krishna

(ii) Portrait

(iii) Story illustrations

(iv) Daily life of common man

## खंड – ब  $5 \times 2 = 10$

**(लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न)**

प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित हैं ।

2. (a) मुगल शैली के प्रसिद्ध लघुचित्र 'गोवर्धन धारी कृष्ण' अथवा 'जहाँगीर मेडोना का चित्र लिए हुए' की प्रशासनात्मक आलोचना इसके (i) चित्रकार का नाम (ii) माध्यम एवं तकनीक (iii) विषय-वस्तु तथा (iv) संयोजन के आधार पर कीजिए । **2**

**अथवा**

(b) "चित्र 'हज़रत निजामुद्दीन औलिया व अमीर खुसरो' अस्थायी संतुलन का उदाहरण है ।" कथन की पुष्टि का संक्षिप्त में विवरण करो ।

3. (a) "नुरुद्दीन चित्रकार की संयोजन को कोमलता से दो भागों में बाँटने की एक विशिष्ट विशेषता थी ।" **2**

- चित्र का नाम व उप-शैली बताएँ ।
- चित्र की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

(b) गोपियों के साथ कृष्ण के संयोजन का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किसी एक छायाचित्र के निर्माता का नाम तथा उसकी विषय-वस्तु का वर्णन अपने दृष्टिकोण से कीजिए । **2**

(a) "बच्चे"

**अथवा**

(b) "दीवारों से सरोकार"

## SECTION – B

$5 \times 2 = 10$

**(Short answer type questions)**

Answer for these questions is expected in more than **100** words.

2. (a) The famous miniature of the Mughal style 'Gobardhan Dhari Krishna' or 'Jahangir with a picture of Madonna', make administrative criticism on the basis of (i) Name of the painter (ii) Medium and technique (iii) Subject matter and (iv) Combination. **2**

**OR**

(b) "The painting 'Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro' is an example of Informal balance." Justify the statement in short.

3. (a) Nuruddin has ingeniously employed the device of soft undulating mound in the centre to divide the painting into two sections. **2**

- Identify the painting and sub-school.
- Highlight any two main features of the painting.

**OR**

(b) Describe the composition of Krishna with Gopis in short.

4. Write description in your own words along with the name of the printmaker of any one Graphic print given below : **2**

(a) "The Children"

**OR**

(b) "Of Walls"

5. (a) अमृता शेरगिल ने अपने चित्र को बनाने में किन सौन्दर्यात्मक विशेषताओं व माध्यम का प्रयोग किया ? अपने पाठ्यक्रम में शामिल चित्र के अनुसार बताइए । **2**

**अथवा**

(b) एम.एफ. हुसैन ने अपने चित्रों में किसकी मानव सेवा का चित्रण किया है ? चित्र का वर्णन संक्षेप में कीजिए ।

6. (a) "अनसुनी पुकार" मूर्तिकला में किस भाव को दिखाया गया है ? मूर्तिकार व माध्यम भी बताएँ । **2**

**अथवा**

(b) "पी.वी. जानकीराम ने अलग-अलग धातुओं का प्रयोग करके मूर्तिकला को एक नया आयाम दिया" ।

- उनके द्वारा बनाई गए मूर्तिकला के नाम पर प्रकाश डालते हुए माध्यम व विशेषताएँ अपने पाठ्यक्रम में शामिल मूर्तिकला के अनुसार बताएँ ।

## खंड – स

### (दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न)

7. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्नों का उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित है ।

**$2 \times 6 = 12$**

(A) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में प्रमुख आकारों एवं रंगों के द्वारा किन मानवीय जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति हुई ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । **6**

(B) अपने पाठ्यक्रम में शामिल दो "वॉश तकनीक" से बनाए गए चित्रों का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर करें : **6**

- चित्र व चित्रकार का नाम
- विषय-वस्तु व संयोजन व्यवस्था

5. (a) Explain the aesthetic qualities and medium used by the artist Amrita Shergil while creating her art work which is included in your course. **2**

**OR**

(b) Whose service to mankind has M.F. Husain portrayed in his painting ? Describe the painting in short.

6. (a) Identify the artist, medium and also mention the emotions revealed in the sculpture "Cries unheard". **2**

**OR**

(b) "The famous sculptor P.V. Jankiram gave a new direction to the creative world of sculptures by his mastery to use different materials to create his sculptures."

- Throw light on the name of the sculpture made by him, the medium and the artistic qualities of the sculpture from your course.

## SECTION – C

### (Long answer type questions)

7. Attempt any **two** questions from the given options. **2 × 6 = 12**

Answer for these questions is expected in more than **200** words.

(A) What human values were expressed by the shapes and colours used in our national flag ? Explain briefly. **6**

(B) Describe any two paintings made in the medium "Tempra and Wash" from your syllabus. Explain the below mentioned points in detail : **6**

- Name of paintings and their Artists.
- Subject matter and compositional arrangement.

(C) इस चित्र में दोनों व्यक्तियों को किसी धार्मिक विषय पर चर्चा करते दिखाया गया है। यह एक साधारण एवं शांत भारतीय ग्राम्य जीवन का दृश्य है। इस चित्र में दिखाये गये दोनों व्यक्ति काम के साथ मनन कर रहे हैं। **6**

- कलाकार का नाम, चित्र का नाम व माध्यम बताएँ।
- संयोजन व्यवस्था का वर्णन करें।

(C) Both seem to be meditating on the same religious topic. The painting brings forth simple and peaceful Indian village life, where they meditate while working. **6**

- Identify the painting, artist and medium.
- Describe the compositional arrangement.